आई. टी. एल पब्लिक स्कूल
सेक्टर 9 द्वारका , नई दिल्ली
सत्र 2015-16
संकलनात्मक मूल्यांकन ( 1 )
उत्तर कुँजी

दिनांक: सितंबर 2015

कक्षा : तृतीय

विषय :हिंदी

समय : 2 घंटे

अधिकतम अंक :50

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | भाग क (पढ़ना)<br>नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>आजकल की दौड़ती- भागती ज़िंदगी में योगासन शरीर को स्वस्थ रखने का एक बहुत ही आसान तरीका है।इसे बच्चे -बूढ़े, जवान,अमीर- गरीब सभी कर सकते हैं।इसे करने से शरीर लचीला व सुंदर बनता है।हमारी बड़ी से बड़ी बीमारी दूर हो सकती है। योग करने से शरीर और मन दोनों तरोताज़ा रहते हैं।अगर बच्चे इसे रोज़ करे तो उनकी बुद्धि तेज़ होती है।याद किया हुआ पाठ भूलता नहीं है।आँखों की ज्योति बढ़ती है तथा चश्मा भी उतर जाता है।योग को सुबह करने से अधिक फायदा होता है। दिन में करने के लिए नियम है कि योग करने से एक घंटा पहले कुछ नहीं खाना चाहिए।पुराने समय में हमारे ऋषि- मुनि योग करके ही सौ साल से अधिक जिंदा रहते थे।आज योग के महत्व को पूरी दुनिया समझ गई है। 21 जून को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' मनाया जाता है।इसकी शुरूआत इसी वर्ष से हुई है।<br>(क) बच्चों को योगा क्यों करना चाहिए?<br>उत्तर अगर बच्चे इसे रोज़ करे तो उनकी बुद्धि तेज़ होती है।याद किया हुआ पाठ भूलता नहीं है।आँखों की ज्योति बढ़ती है तथा चश्मा भी उतर जाता है।<br>(ख) दिन में योगा करने के लिए क्या नियम है ?<br>उत्तर दिन में करने के लिए नियम है कि योग करने से एक घंटा पहले कुछ नहीं खाना चाहिए।<br>(ग)'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' कब मनाया जाता है?<br>उत्तर 21 जून को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' मनाया जाता है।<br>(घ)कौन योग करके सौ साल से अधिक जिंदा रहते थे ?<br>उत्तर हमारे ऋषि- मुनि योग करके ही सौ साल से अधिक जिंदा रहते थे।<br>(ड) गदयांश में से समानार्थक शब्द ढूँढें। खूबसूरत - सुंदर , विश्व – दुनिया | अंक<br>5 |
| प्रश्न 2 | भाग ख (भाषा)<br>निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्द भर वाक्य पूरा करें।<br>(क)मोहन बाग में खेल रहा है। (ख)साधू ने झटपट खाना बनाया। | 1 |
| प्रश्न 3 | नीचे लिखे वाक्यों में से संज्ञा शब्दों पर गोला लगाएँ।<br>(क)भारत बहुत तरक्की कर रहा है। (ख)राहुल भाग कर आया।<br>(ग)इस काम के लिए तुम्हें शाबाशी मिलनी चाहिए। (घ)हम स्कूल जाते हैं। | 2 |
| प्रश्न 4 | कोष्ठक में से सही शब्द चुनकर लिखें। | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | (क)दौड़ में सभी देशों के ——झंडे———लहरा रहे थे। (झंडा/झंडे)<br>(ख)वह — बालिका ———— बहुत होशियार है। ( बालिका/बालिकाएँ)<br>(ग)आज — कक्षा ——— में पाँच छात्र अनुपस्थित हैं। ( कक्षा /कक्षाएँ)<br>(घ)बिल्ली को देखते ही कबूतर —आँखें—— बंद कर लेता है। (आँखें /आँख) | |
| **प्रश्न 5** | वचन बदलो ।<br>(क) बात -बातें (ख) तारा- तारे (ग)माला-मालाएँ<br>(घ)वह-वे (ड)लड़का -लड़के (च)थाली- थालियाँ | **3** |
| **प्रश्न 6** | निम्नलिखित शब्दों को शुदध करके लिखें।<br>(क) दवाईया ——— दवाइयाँ ———— (ख)छुटटीया ——— छुट्टियाँ ————<br>(ग) बिमारी — बीमारी ————— (घ)आईए ——आइए————<br>(ड) त्यौहार ——त्योहार ————— (च)कक्शा ———कक्षा———— | **3** |
| **प्रश्न 7** | उचित क्रिया शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरें।<br>(क)मोहन झूले से ——गिरा——— । ( गिरी / गिरा)<br>(ख)दिन चढ़ ——गया——— । ( गया / गयी)<br>(ग)मैं अप्पू -घर ——जाऊँगा——— । ( जाएँगे /जाऊँगा)<br>(घ)तेंदुलकर ने छक्का —— लगाया ——— । ( लगाई / लगाया) | **2** |
| **प्रश्न 8** | रिक्त स्थान में उचित क्रिया शब्द भरें।<br>(क)वाटिका में से फूल मत ——तोड़ो————— ।<br>(ख)माताजी बाज़ार से थैले में फल ——लाती———— हैं। | **1** |
| **प्रश्न 9** | निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्द शुद्ध करके वाक्य दोबारा लिखें।<br>(क)लड़कियाँ गीत गा रहा है। <u>लड़कियाँ गीत गा रही हैं।</u><br>(ख)चौकीदार ने घंटी बजाया। <u>चौकीदार ने घंटी बजाई।</u><br>(ग)जोकर सबको हँसाती है। <u>जोकर सबको हँसाता है।</u> | **3** |
| **प्रश्न 10** | निम्नलिखित संयुक्ताक्षरों से दो- दो शब्द लिखें ।<br>(क)त्र -----शत्रु-------, ------पत्र ----<br>(ख)श्र ----अश्रु ----,-----मिश्री-------<br>(ख)क्ष ----क्षमा ----,-----क्षत्रिय------- | **3** |
| **प्रश्न 11** | भाग ग - (साहित्य)<br>निम्न शब्दों के अर्थ लिखो।<br>(क) स्वप्न ——सपना————— (ख)धकियाना —धक्का देना—————<br>(ग) मायूस ———निराश———— (घ) स्वतंत्र——आज़ाद————— | **2** |
| **प्रश्न 12** | कविता 'जय हिंद' के आधार पर पंक्तियाँ पूरी करें ।<br>अगर कोई <u>डराने</u> आए<br><u>रद्दी</u> काम कराने आए<br><u>आँख</u> मिलाओ साफ़ ब्ताओ<br>कह दो हमें एक ही <u>धुन</u> है<br>जय हिंद, जय हिंद! | **2** |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 13 | कविता 'एक शरीर में कितने दो हैं' के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>(क)इस कविता के कवि का नाम लिखें।<br>उत्तर गुलज़ार<br>(ख) मुट्ठी खोलने पर क्या बन जाती है?<br>उत्तर मुट्ठी खोलने पर हथेली बन जाती है।<br>(ग) पंक्तियाँ पूरी करें ।<br>देखनेवाली आँखें दो हैं उनके ऊपर अंबरो दो हैं।<br>(घ)कविता के अंत में किन्हें एक बताया गया है?<br>उत्तर कविता के अंत में दिल ,जान ,आसमाँ ,ज़मी ,सूरज व हिंदुस्तान को एक बताया गया है। | **4** |
| प्रश्न 14 | रिक्त स्थान भरें।<br>(क)बड़ा वाला चूज़ा बहुत ____ बदमाश ________ था। (बदमाश /आलसी)<br>(ख)पंडित जी का नाम ____ रामप्रसाद शर्मा ________ था। ( रामप्रसाद शर्मा / रामकुमार वर्मा )<br>(ग)तोता ___बच्चों_________ की तरह बातूनी हो गया था। ( पंडित जी/बच्चों)<br>(घ)बरसात में ____ दड़बे____ को ढकने के लिए एक तिरपाल होता है। ( दड़बे/झोपड़ी) | **2** |
| प्रश्न 15 | निम्नलिखित वाक्यों में सही (√)या गलत(×) का निशान लगाएँ।<br>(क)तोता श्याम -श्याम कहता था। ×<br>(ख)घर आकर पंडित जी ने पिंजरा सुरक्षित स्थान पर टाँग दिया। √<br>(ग)वान्या अपने दादा के गाँव गया था। ×<br>(घ) हमें पालतू पशु -पक्षियों की ज़रूरतों का पूरा ध्यान रखना चाहिए। √ | **2** |
| प्रश्न 16 | किसने, किससे कहा।<br>(क)मरना तो मुझे एक दिन आपके पास भी होगा।- तोते ने पंडित जी से कहा।<br>(ख)तो क्या बाकी सब उससे डरते हैं। वान्या ने मौसी से कहा | **2** |
| प्रश्न 17 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>(क)पंडित जी ने तोते को क्यों उड़ा दिया?<br>उत्तर पंडित जी ने तोते को उड़ा दिया क्योंकि वे जान गए थे कि तोते की खुशी खुले आसमान में उड़ने में है।<br>(ख)श्वेता मौसी वान्या को मैदान में क्यों ले गई?<br>उत्तर श्वेता मौसी वान्या को चूज़ों को दाना खिलाने के लिए मैदान में ले गई।<br>(ग)लोटस टेंपल की क्या विशेषता है ?<br>उत्तर लोटस टेंपल कमल के आकार का बना हुआ है ।यहाँ पर मूर्ति पूजा नहीं होती।<br>(घ)कमल मंदिर में एक साथ कितने लोग बैठ सकते हैं?<br>उत्तर कमल मंदिर में एक साथ 1300 लोग बैठ सकते हैं। | **1.5**<br>**1.5**<br>**1.5**<br>**1.5** |
| प्रश्न 18 | भाग घ (लेखन)<br>'फूल' या 'पतंग' की आत्मकथा 10 से 12 पंक्तियों में अनुच्छेद रूप में लिखें।<br>छात्र अपनी रचनात्मकता के अनुसार लिखेंगे। | **5** |